# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

## 29 फरवरी 2024

----

: **[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**कुल प्रश्न 22**

----

### गोलम्बर एवं अंडरपास कबतक

*67 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के न्यू जगनपुरा चौराहा के पास गोलम्बर नहीं रहने के कारण प्रायः गाडि़याँ उल्टी दिशा में होकर गुजरती हैं जिससे लोगों के लिए बाईपास पार होकर आर.एम.एस. कॉलनी जाने के क्रम में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थल के पास अंडरपास भी नहीं बना हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारत्मक हैं, तो क्या सरकार न्यु जगनपुरा चौराहा के पास गोलम्बर एवं अंडरपास बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

### फर्जी कंपनियों की जांच

*191 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **वाणिज्य कर** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में एक हजार से अधिक फर्जी कंपनियों में से करीब 300 कंपनियां मजदूरों के नाम पर खोली गई हैं और उनके द्वारा जी.एस.टी.की चोरी की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि इन कंपनियों में से अधिकांश सासाराम ,भभुआ , गया और नवादा जिला में पायी गयी हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसी फर्जी कंपनियों की जांच कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## अतिक्रमण से मुक्त कब तक

*192 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा शहर के बीचों-बीच से निकलने वाले बारहगैनियां पईन जो नवादा शहर से ग्राम-गोनवॉ, देदौर, गोनी होते हुए ग्राम-खरॉट स्थित पंचानने नदी में मिलती हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बारहगैनियां पईन के पानी से लगभग दर्जनों पंचायत के किसान कृषि कार्य हेतु पटवन का कार्य किया करते थें;

(ग) क्या यह सही है कि बारगैनिया पईन को आमलोंगो के द्वारा अतिक्रमन कर लेने से कृषि कार्य पटवन अवरूद्ध हो गया है, जिसके कारण हजारो एकड़ भूमि बंजर पड़ रहे है;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में बारहगैनियां पईन को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## मूलभूत सुविधाओं का अभाव

*193 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रदेश के लगभग सभी बी.आर .अम्बेडकर छात्रवास में क्षमता से अधिक छात्र रह रहे है;

(ख) क्या यह सही है कि अम्बेडकर छात्रवास में क्षमता से अधिक बच्चों के होने से

सुविधाओं का काफी अभाव है;

(ग) क्या यह सही है कि अम्बेडकर छात्रवास को प्रदेश स्तर पर विस्तार करने की आवश्यकता है।

(घ) यदी उपर्युक्कत खंडों के उत्तर सवीकारत्तमक है, तो सरकार राज्य स्तर पर अम्बेडकर छात्रवास को विस्तार कर सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना चाहती है यदी हाँ तो कब तक नही तो क्यों?

----

## नया छात्रावास का निर्माण

*194 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण में स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास में 1954 से अब तक मात्र 150 छात्रों की रहने की व्यवस्था है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंडों ''क'' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो 1954 में निर्मित छात्रावास की जगह पर नया छात्रावास भवन बनाने की योजना सरकार के पास है कि नहीं ,यदि हाँ तो कब तक ?

----

## सहायता राशि में बढ़ोतरी कबतक

*195 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार शताब्दी कुष्ठ योजना के लाभार्थियों को भरण-पोषण के लिए कुष्ठ रोगी ग्रेड- II को 1500 रूपये प्रतिमाह सहायता राशि दी जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि कुष्ठ रोगियों को एन०सी०टी० दिल्ली सरकार द्वारा 3000 रूपये, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आवास के अतिरिक्त 3000 रूपये, राजस्थान सरकार द्वारा 2500 रूपये और आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा 3800 रूपये प्रतिमाह सहायता राशि प्रदान की जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में वृद्धाश्रम में आवासित नि:सहायों को प्रतिमाह 2300 रूपये की सहायता प्रदान की जाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बढ़ती महंगाई को देखते हुए क्या सरकार कुष्ठ रोगियों को 5000 रूपये प्रतिमाह सहायता देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## जल –प्रवाह को बरकरार कब-तक

*196 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि, दरभंगा जिले के तीसभँवरा, कमला नदी, बागमती, बेगूसराय जिले से होकर गुजरने वाली बलान नदी, लखीसराय जिले के किऊल, कैमूर जिले की दुर्गावती, सुअरा, बहुआरा, कर्मनाशा सीवान जिले की दाहा, बक्सर जिला की धर्मावती, नदियों में पहले वर्षभर जल प्रवाह रहता था, किन्तु अब ये नदियां गर्मी के मौसम में सूख जाया करती हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदियों के जलस्तर में कमी के कारण नदियों पर आश्रित मछुआरों के मत्स्य पालन एवं किसानों की खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है एवं गर्मी के दिनों में किसानों द्वारा बोरिंग से खेत पटवन करने से ग्रामीण एवं शहरी इलाके मे चापाकल का जल स्तर नीचे चले जाने से पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैज्ञानिकों की कमिटी द्वारा अध्ययन कराकर उक्त नदियों को वर्षभर जल प्रवाह योग्य बनाने का विचार रखती है, जिससे किसानों को सिचाई की समस्या से निजात मिल सके एवं भू-जल स्तर की कमी से निजात मिल सके यदि हाँ तो कब तक, नही तो क्यों?

----

## पुराने मार्ग में लौटाने का विचार

*197 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले छातापुर प्रखंड की कई नदियां अपना मार्ग बदलकर आबादी के करीब पहुंच कर बहने लगी हैं। बलुआ बाजार के वार्ड नं० – 14 में गेड़ा नदी, मुहम्मदगंज पंचायत में सुरसर नदी, चुन्नी पंचायत में सुरसर नदी ने मार्ग बदलकर आबादी के करीब से बहना शुरू किया है;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युक्त वर्णित नदियों के मार्ग बदलने से प्रभावित आबादी के लोग डर में जी रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार गेड़ा एवं सुरसर नदी के बदले हुए मार्ग को चिरान कर पुराने मार्ग में लौटाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## बैराज की मरम्मती

*198 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पुनपुन प्रखण्ड के मोहनपुर ग्राम के पास मोरहर नदी पर विभाग का बैराज है;

(ख) क्या यह सही है कि बैराज का गेट मैनुअल है,जिसको ऑपरेट करने में काफी दिक्कत होती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त बैराज का गेट क्षतिग्रस्त है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त बैराज की विशेष मरम्मती के साथ स्वचालित गेट लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## पईन अतिक्रमण मुक्त कब-तक

*199 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत बिहार शरीफ प्रखंड के मुहल्ला इमादपुर नदी से होते हुए खजाना तक पईन है जो भर गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इमादपुर से पूरब पईन की सफाई नहीं होने के कारण लोगों द्वारा पर्इन का अतिक्रमण किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि पईन में पानी नहीं रहने के कारण किसानों को खेत पटवन के लिए टयूबवेल पर निर्भर रहना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युत खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पईन का अतेक्रिमण खत्म कर सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक और नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*200 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड की तरैया से गुजरने वाली गंडक नहर पर चार पुल क्रमशः बगही, खराटी, सहनवाजपुर, नारायणपुर में पुल निर्माण की स्वीकृति बिहार सरकार द्वारा विगत पांच वर्ष पूर्व मिल चुकी है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्णित स्थानों पर पुल नहीं होने से आमजनों को यातायात एवं किसान भाइयों को कृषि कार्य में परेशानी हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलों का निर्माण जल्द से जल्द कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नही तो क्यों ?

----

## पईन की खुदाई तथा स्लूईश गेट का निर्माण

*201 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिला के अंतर्गत परवलपुर प्रखंड के सोनचरी गॉव के पास से आने वाली चोरनियॉ पईन जो बड़ीमठ कॉलेज से कोयरी बिगहा, बाना बिगहा, कल्याणपुर, बेलदरिया होते हुए सीता बिगहा तक जाती है पूर्णतः बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त परइन की वर्षो से खुदाई का कार्य नहीं होने के कारण काफी स्थानों पर अतिक्रमण एवं गाद जमा होने से किसानों की खेती पटवन में काफी

कठिनाई हो रही है और सैंकड़ो एकड़ भूमी पटवन के अभाव में बर्वाद हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पईन के लिए कई बार ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारियों से संपर्क किया लेकिन आज तक पईन की खुदाई एवं सफाई नही कराई जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित पईन की खुदाई एवं आवश्यकतानुसार स्लूईश गेट का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## मुआवजा का भुगतान

***202 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण के मलाही बड़हरवा रिंग बॉध के क्रम में प्रखंड –अरेराज के ग्राम –ममरखा के किसानों की भूमि का बड़ा रकबा रिंग बॉध में चला गया है उसका मुआवजा सरकारी स्तर पर लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्य अभियंता, बाल्मीकिनगर (मोतिहारी) ने अपने पत्रांक - 226 दिनांक 30.01.2016 द्वारा अभियंता प्रमुख (द.) सिंचाई भवन, पटना को प्रेषित पत्र में बिन्दुवार चर्चा करते हुए प्रभावित किसानों को मुआवजा भुगतान करने हेतु मार्गदर्शन मांगा है, लेकिन अभी तक विचाराधीन है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोतिहारी जिला के प्रखंड अरेराज के ग्राम – ममरखा स्थित प्रभावित किसानों को लम्बे समय से लंबित मुआवजा का भुगतान कब तक करना चाहती है?

----

## जन जागरुकता अभियान

***203 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **श्रम संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री,श्रम संसाधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बाल श्रम पर अंकुश लगाने के लिए विभाग द्वारा राज्य के मंदिर, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सूचना पट्ट लगाने का निर्णय लिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण इलाकों में विशेष जागरुकता अभियान चलाने, श्रम

संबंधित कानून एवं अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रदर्शित करना था ताकि बाल श्रम के संदिग्ध मामलों की सूचना अधिकारियों को आसानी से दी जा सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ने विभिन्न जगहों पर सूचना पट्ट लगाया है, और जन जागरुकता अभियान चलाया है, यदि हाँ तो कितने स्थानों पर ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***204 प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दानापुर प्रखण्ड अंतर्गत आसोपुर गांव में एक कब्रिस्तान (मौजा –जमसौत,थाना 30 खाता सं०-409, खेसरा -2151,रकबा-67 डिसमिल) अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि एक स्थानीय बिल्डर द्वारा कब्रिस्तान की पूर्वी चहारदिवारी को तोड़कर अतिक्रमण करने की कोशिश हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों में रोष है;

(ग) क्या यह सही है कि है कि अंचल अधिकारी के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी ने जाँच कर अंचल अधिकारी को यह रिर्पोट दी है कि यह कब्रिस्तान की जमीन है जिसे कुछ अवांधित तत्व अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहे है;

(घ) क्या यह सही है कि इस आशय की सूचना दानापुर थाना एवं दानापुर एस०डी०ओ० को भी दी गया है परंतु प्रशासन निश्क्रिय पड़ा हुआ है, जिससे समाज में असंतोष है;

(ङ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान को अतिक्रमण मुक्त कराकर चहार, दिवारी का निर्माण कराएगी ?

----

## परोरिया चौर सिंचाई योजना

***205 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत वोखड़ा अंचल का खड़का का बसंत उत्तरी पंचायत में जल जीवन हरियाली के तहत परोरिया चौर सिंचाई योजना जिला समिति सीतामढ़ी से स्वीकृत है;

(ख) क्या यह सही है कि इस परोरिया चौर योजना में लगभग 52 एकड़ बिहार

सरकार की जमीन है

(ग) क्या यह सही है कि इस परियोजना का कार्यावयन हेतु लगभग 4 वर्षों से प्रकिया चल रही है लेकिन अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित योजना को यथाशीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## गुणवत्ता में सुधार

***206 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए कस्तूरबा विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार यह बतलाएगी कि राज्य में कितने कस्तूरबा विद्यालय संचालित कर रही हैं, कस्तूरवा विद्यालय में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं;

(ग) यदि उपर्युत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार यह बतलाएगी कि कस्तूरबा विद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं, इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ?

----

## स्थायी पुलिस चौकी

***207 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत हसनपुर प्रखंड स्थित दुधपुरा बाजार है, जहां दो सरकारी बैंक, मुख्य पत्रालय, गर्ल्स हाई स्कूल/मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय के साथ-साथ नेपाल को जोड़ने वाली एन०एच० सड़क भी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बाजार में अबतक स्थायी पुलिस चौकी नहीं है जिसके कारण अपराधिक घटनाओं से सैकड़ों व्यावसायिक एवं सामान्य जन प्रायः

प्रभावित होते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से दुधपुरा बाजार में स्थायी पुलिस चौकी की नितांत आवश्यकता है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुधपुरा बाजार में स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ,नही तो क्यों ?

----

## मुआवजा देने का विचार कबतक

***208 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर निवासी वसीर अहमद खां, ग्राम- मंगौली, थाना- सुहैल, प्रखण्ड-इमामगंज, जिला-गया की मृत्यु सड़क दुर्घटना में दिनांक- 10.09.2022 को हो गयी थी, जिसका सुहैल थाना में कांड सं०- 27/22 भी दर्ज किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि इनके आश्रितों को मुआवजा के लिए सारे जरुरी दस्तावेजों के साथ आवेदन समर्पित किया हुआ है, परन्तु इन्हें अभी तक मुआवजा की राशि नहीं मिल पाई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शीघ्र इन्हें मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## वितरणी का विस्तार

***209 श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर जिला के चैनपुर प्रखंड अन्तर्गत जगदहवां डैम अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त डैम से बांयी वितरणी का बढ़ाकर लुल्हावीर, भवानी डैम तक विस्तार हो सकता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त डैम की वितरणी का विस्तार होने से चांद प्रखंड की हजारों एकड़ भूमि सिंचित हो सकती हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्क हैं, तो क्या सरकार उक्त वितरणी का विस्तार करने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## बोरवेल चालू कबतक

*210 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थानीय ग्रामीणों के खेतों में सरकारी बोरिंग कराए गए है;

(ख) क्या यह सही है कि लगभग सभी बोरवेल खराब पड़े हैं, जबकि आ रही भीषण गर्मी में पटवन की समस्या होती हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्क हैं, तो क्या सरकार किसान हित में खराब पड़े सभी बोरवेल को यथाशीघ्र चालू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्लूइस गेट का निर्माण

*211 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड की रखवारी पंचायत में झांकी नदी पर स्लूइस गेट नहीं रहने के कारण किसानों को पटवन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी पर स्लूइस गेट का निर्माण होने से हजारों एकड़ जमीन के पटवन में सुविधा होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रखवारी पंचायत के झांकी नदी पर किसानों के हित में स्लूइस गेट का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----